Title: Need for electrification of rural areas inhabited by STs in Lohardaga Parliamentary constituency, Jharkhand-Laid.

प्रो0 दुखा भगत (लोहरदगा): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र लोहरदगा के ग्रामीण इलाकों में विद्युत व्यवस्था की तरफ दिलाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में कोई 90 प्रतिशत से अधिक गांव ऐसे हैं जहां पर अभी तक विद्युतिकरण नहीं किया है जो आदिवासी क्षेत्रों के हैं विद्युत के अभाव में बच्चों के पठन-पाठन पर ि वपरीत प्रभाव पड़ता है और सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो पाती है। बिजली के अभाव में इस क्षेत्र का विकास कार्य भी नहीं हो रहा है। मेरा घर जिस गांव में है उसमें ि वद्युतिकरण नहीं हुआ है। बिजली आज की एक आवश्यकता है और इन आदिवासी लोगों को बिजली से वंचित रखना न्यायसंगत नहीं है।

मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इन गांवों का विद्युतिकरण शीघ्र किया जाये।